संख्या:18/2020/497जेएल/22-3-2020-100(14)/2020

प्रेषक,

सुरेश कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनांक: 26 फरवरी, 2020***

विषय: जिला कारागार रामपुर में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों-(1)श्री आजम खॉ पुत्र मुमताज खॉ (मा0 सांसद), (2)श्रीमती तंजीन फात्मा पत्नी श्री आजम खॉ एवं (3) अब्दुला आजम खॉ पुत्र श्री आजम खॉ को अन्यत्र कारागार में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-5920/सामा-1(3)/रामपुर/2020, दिनांक 26-02-2020 में की गयी संस्तुति के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार जिला कारागार रामपुर में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों-(1)श्री आजम खॉ पुत्र मुमताज खॉ (मा0 सांसद), (2)श्रीमती तंजीन फात्मा पत्नी श्री आजम खॉ एवं (3) अब्दुला आजम खॉ पुत्र श्री आजम खॉ को जिला कारागार सीतापुर में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन आख्या शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव।

संख्या:18/2020/497जेएल(1)/22-3-2020-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0, लखनऊ।
3. जिला मजिस्ट्रेट, रामपुर/सीतापुर।
4. पुलिस अधीक्षक, रामपुर/सीतापुर।
5. अधीक्षक, जिला कारागार रामपुर/सीतापुर।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

सुरेश कुमार पाण्डेय
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in